प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 04.07.2025

- **अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा की गयी एक और बड़ी कार्यवाही।**
- **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना कारित करने वाले 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के कुशल निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 03.07.2025 को वादी अनिल पासवान पुत्र स्व0 रमेश पासवान निवासी ग्राम सीधामऊ, थाना गजनेर, जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गई तहरीर कि अभियुक्त अवध बिहारी शुक्ला पुत्र अनिल शुक्ला निवासी भूरेपुरवा नई बस्ती यशोदानगर थाना सेन पश्चिम पारा जनपद कानपुर नगर द्वारा वादी की पत्नी और साली के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने व वादी की 18 माह की पुत्री की डण्डा मारकर हत्या कर देने और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने के सम्बन्ध में थाना गजनेर पर मु0अ0सं0 194/2025 धारा 103(1)/115(2)/352/333 बीएनएस व 3(2)(V)/3(1)द/3(2)(Va) एससी/एसटी एक्ट बनाम पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग में थाना गजनेर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 04.07.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अवध बिहारी शुक्ला उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अवध बिहारी शुक्ला पुत्र अनिल शुक्ला निवासी भूरेपुरवा, नई बस्ती, यशोदानगर थाना पश्चिम पारा जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 32 वर्ष।

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना गजनेर पुलिस।